पत्रांकः– 14/ए0एफ0–13/2009...
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग

प्रेषक,
अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,
कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......./......./2020

विषयः– बाबा भुतनाथ महाविद्यालय, अवसानी बगहा, पश्चिम चम्पारण को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2020–2021 से स्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक–B/709 दिनांक 27.05.2020 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा–21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या–1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने बाबा भुतनाथ महाविद्यालय, अवसानी बगहा, पश्चिम चम्पारण को स्नातक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकायो में प्रतिष्ठा स्तरों के प्रस्तावित विषयों में सत्र 2020–2021 से भूमि से संबंधित निर्दिष्ट मापदंड पूर्ण करने के निदेश के साथ स्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे सहमति प्रदान की है।

क्र० सं०	संकाय	विषय
01	कला संकायः (प्रतिष्ठा स्तर में)	समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, भूगोल, दर्शनशास्त्र, हिन्दी, अंग्रेजी, ऊर्दू, संस्कृत, मैथिली, बंगला, प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, इतिहास मनोविज्ञान, राजनीति विज्ञान तथा गृह विज्ञान (कुल 15 विषयों में)
02	विज्ञान संकायः (प्रतिष्ठा स्तर में)	भौतिकी, रसायनशास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान एवं गणित (कुल 05 विषयों में)
03	वाणिज्य संकाय (प्रतिष्ठा स्तर में)	एकाउन्टेन्सी, कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन, बिजनेस इन्वॉरमेन्ट एवं , बिजनेस फाइनान्स (कुल 04 विषयों में)

यह आदेश विद्वान महाधिवक्ता द्वारा दिए गए परामर्श के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। साथ ही एल0पी0ए0 संख्या–1404/2018 में विभाग द्वारा माननीय न्यायालय में दायर M.J.C के फलाफल से उक्त आदेश प्रभावित होगा।

विश्वासभाजन

ह0/–

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

पटना, दिनांक 31/08/2020

ज्ञापांक– 14/ ए0एफ0–13/2009...–907

प्रतिलिपिः– माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, उच्च शिक्षा/सचिव, बाबा भुतनाथ महाविद्यालय, अवसानी बगहा, पश्चिम चम्पारण एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

31/8/2020

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव
34

Sec_14#2020